## थानाधिकारी का अभिनंदन

**अराई( निसं )।** अंराई थानाधिकारी रोशन सामरिया के पदभार ग्रहण करने पर अंराई पेंशनर समाज एवं रीको एसोसियन समिति रघुनाथपुरा के व्यापारियो अन्य संगठनों ने थानाधिकारी का माला साफा पहनाकर अभिनंदन एवं स्वागत किया।

# आवासीय योजना का विधायक अनिता भदेल ने निरीक्षण किया

**अजमेर, ( कासं )।** अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने सोमवार को अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा माखूपुरा स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर आवासीय योजना का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीए अधिकारियों के साथ योजना में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

विधायक ने बताया कि योजना के अंतर्गत काटे जा रहे विभिन्न आवासीय प्लॉटों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर पहाड़ी एवं ऊबड़–खाबड़ भू–भाग पाया गया, जिससे विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इस पर उन्होंने अधिकारियों को जेसीबी मशीन से पहाड़ी हटाकर भूमि समतलकरने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।



अनिता भदेल ने अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा माखूपुरा स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर आवासीय योजना का निरीक्षण किया।

उन्होंने कॉलोनी में आने–जाने वाली कच्ची सड़कों को शीघ्र पक्की करने एवं चौड़ीकरण के निर्देश भी दिए। विधायक ने कहा कि आधारभूत सुविधाओं का विकास प्राथमिकता के साथ किया जाए, जिससे भविष्य में यहां बसने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। लेआउट प्लान का अवलोकन करते हुए

■ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर आवासीय योजना के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर पहाड़ी एवं ऊबड़-खाबड़ भू-भाग पाया गया, जिससे विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है

विधायक ने एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के प्लॉटों की संख्या की जानकारी ली तथा मौके पर उनकी स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप कमजोर एवं मध्यम वर्ग को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराना प्राथमिक लक्ष्य है।

## 'एक शाम शहीदों के नाम' देशभक्ति गीतों से गूंजा अजमेर

**अजमेर,( कासं )।** सुर संगम संगीत समूह के तत्वावधान में 'एक शाम शहीदों के नाम' देशभक्ति गीतों का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एडमिन दयालप्रियानी के सानिध्य में किया गया, जिसमें शहर के अनेक कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्रकाश जेठरा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रस्तुत गीतों ने श्रोताओं को देशप्रेम से सराबोर कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शक झूमते और तालियां बजाते नजर आए। कार्यक्रम में जे.सी. सिन्हा, दिलीप बच्चानी, नरेश विष्णु, धर्मेंद्र केवलानी, किशन लालवानी, पूनम गीतांजलि, प्रकाश झमटानी, लक्ष्मण एवं मंजू चेनानी, किरण वर्मा, सुनीलमनवानी, कुमकुम जैन, अरविंद मिश्रा, पी.एल. खेतावत सहित अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र चौहान ने किया। आयोजन को सफल बनाने में संगीत प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा।

### सार-समाचार

## 38वीं अंतर महाविद्यालय महिला सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

**अजमेर, ( कासं )।** सम्राट पृथ्वीराज चैहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित 38वीं अंतर महाविद्यालय महिला सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में कुलसात महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला सम्राट पृथ्वीराज चैहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर एवं सूरज सदन महाविद्यालय, नागौर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर नागौर की टीम ने पहले फील्डिंग का निर्णय लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनलमुकाबले में अजमेर की टीम को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार बहरवाल रहे, जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए तथा विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संबोधन दिया। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में विष्णु परमार एवं पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह उपस्थित रहे। आयोजन सचिव प्रीति सलूजा ने प्रतियोगिता प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। खेल सचिव संजय तोमर ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन जितेंद्र थदानी ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## कोठी जी के जैन मंदिर में भव्य ध्वजारोहण 24 को

**अजमेर,( निसं )।** सुंदरविलास अजमेर स्थित कोठी जी के जैन मंदिर (जिनालय) में मंदिर के 111 वें शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह पावन आयोजन शनिवार, 24 जनवरी 2026 को दोपहर 12.30 बजे शुभ विजय मुहूर्त में संपन्न होगा। कार्यक्रम संयोजक नरपत राज भंडारी ने बताया कि ध्वजारोहण समारोह पूज्य मुनिराज सिद्धेशचन्द्र सागर जी महाराज साहब एवं पूज्य मुनिराज श्री सिद्ध चंद्र सागर जी महाराज साहब की पावन निश्रा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर ज्योति दर्शन, जिनवंदना एवं जिनवाणी सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे। मंगलिक आयोजनों के अंतर्गत शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 को सायं कालीन भक्ति संध्या आयोजित की जाएगी, जबकि शनिवार, 24 जनवरी 2026 को प्रात: 9.30 बजे सत्तर भेदी पूजा तथा दोपहर 1 बजे स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया जाएगा। ध्वजा की चढ़ाई का पुण्य लाभ पूजन गौरव तांतेड़ को प्राप्त होगा। इस धार्मिक आयोजन के आमंत्रक ऋषभ जैन नवयुवक मंडल, अजमेर हैं। मंडल द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पधारकर धर्म लाभ लेने की विनम्र अपील की गई है।

## हजरत बाबा बादाम शाह उवैसी का सालाना उर्स 20 से

**अजमेर, ( कासं )।** हजरत बाबा बादाम शाह उवैसी कलंदर का सालाना उर्स आस्ताना सोमलपुर शाही, अजमेर में 20 एवं 21 जनवरी 2026 को श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। गुरु मुनेंद्र दत्त मिश्रा ने बताया कि शीतलहर को देखते हुए कार्यक्रमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। 20 जनवरी को सायं 7 बजे मिलाद शरीफ होगी तथा सायं 8.30 बजे भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। 21 जनवरी को प्रात: 7 बजे गुस्लकी रस्म अदा की जाएगी। चादर सुबह 11 बजे पेश की जाएगी, जिसमें दूर–दराज से आए अकीदतमंद जुलूस के रूप में शामिलहोंगे। दोपहर 1 बजे भोजन एवं महफिलका आयोजन होगा तथा शाम को रंग व सलाम के साथ उर्स का समापन होगा। व्यवस्थापकों ने सभी श्रद्धालुओं से उर्स में अधिक से अधकि संख्या में शामिलहोने का आग्रह किया है।

## खाद्य लाइसेंस शिविर आयोजित

**अजमेर, ( कासं )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान, जयपुर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के दिशा–निर्देशानुसार सरवाड़ के पुराना बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा के पास खाद्य लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि शिविर में कुल150 खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश को मौके पर ही ऑनलाइन अपलोड कर जारी कर दिया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा एवं राजेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों के निर्माण, विक्रय, भंडारण, थोक एवं खुदरा व्यापार तथा परिवहन से जुड़े सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं के लिए खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीकरण अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माना एवं दंड का प्रावधान है। होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, फल–सब्जी विक्रेता, मेडिकलदुकान संचालक सहित सभी संबंधित व्यवसायियों को लाइसेंस लेना आवश्यक है। शिविर में नवीनीकरण की तिथि नजदीक होने वाले व्यापारियों ने भी आवेदन कर सुविधा का लाभ उठाया।

# राजस्थान के विद्यार्थियों ने जाना ग्रीन ग्रोथ का महत्व

■ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का गरिमामय समापन

**अजमेर,( निसं )।** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025–26 की प्रभावी क्रियान्विति के अंतर्गत राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सतत विकास एवं ग्रीन ग्रोथ कौशल प्रतियोगिता 2025–26 का समापन रविवार को गरिमामय समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ रहे।

समारोह में अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बोर्ड सचिव श्री राठौड़ ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सतत विकास लक्ष्यों, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार और कौशल आधारित सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना समय की आवश्यकता है, जिससे विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। प्रतियोगिता परिणामों के अनुसार निबंध प्रतियोगिता में बारां की भूमिका नागर ने प्रथम, ब्यावर की दिया शर्मा ने द्वितीय तथा सिरोही के दशरथ कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ की हिमांशी मकवाना प्रथम, दौसा की संजना महावर द्वितीय एवं चूरू की ललिता राठौड़ तृतीय स्थान पर रहीं। आशु भाषण प्रतियोगिता में झुंझुनूं की ईशा शर्मा प्रथम, फलौदी की कृष्णा व्यास द्वितीय तथा कोटा की सानवी कसेरा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के परमेश्वर प्रजापत प्रथम, बारा के अजय बैरवा द्वितीय तथा बांसवाड़ा के कल्प जैन तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 51 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर 31 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित की गई। सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित प्रदर्शनी में राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रदर्शनी सतत विकास लक्ष्य तीन, अच्छा स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर आधारित थी। प्रदर्शनी की प्रभारी वरिष्ठ अध्यापिका अनुपमा दोसाया एवं सुषमा अग्रवाल रहीं। कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहायक निदेशक अरुण जोशी, सहायक लेखा अधिकारी अर्जुन लाल एवं अजय बंसल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य कविता अजवानी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं सहयोगी विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगनारायण व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी उषा कच्छावा, निदेशक शैक्षिणक दर्शना शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मनरेगा मूलस्वरूप में छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं: विधायक चौधरी

■ जिला कांग्रेस ने चलाया मनरेगा बचाओ जन संग्राम अभियान

**रूपनगढ़, ( निसं )।** अजमेर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को विधायक डॉ विकास चौधरी के नेतृत्व में पुष्कर विधानसभा की करकेडी व अमरपुरा ग्राम पंचायतों में मनरेगा श्रमिकों के बीच में पहुंचकर जन जागरण अभियान चलाया गया। मनरेगा के मूलस्वरूप से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं–विधायक डॉ विकास चौधरी ओर पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने कहा की मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीड की हड्डी है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने व सोनिया गांधी जी की दूरदर्शी सोच ने जनता को काम का अधिकार दिया। मोदी सरकार का प्रत्येक फैसला आम आदमी के खिलाफ है, केवलकुछ लोगों के फायदे की खातिर किया जाता है। अभियान के तहत रूपनगढ़ ब्लॉक के करकेडी मंडलके केरिया की ढाणी,करकेडी,ग्राम कनोदिया, पवांरों की ढाणी,अमरपुरा सहित दर्जन भर जगह पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर मनरेगा को बचाने व मजबूत करने का संकल्प लिया एवं वर्तमान सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने आमजन से आंदोलन जन जागरण अभियान बनाने की ओर जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष जीवन भाकर ने मनरेगा के वर्तमान स्वरूप को बचाने के लिए लोगों को जागृत किया व मोदी सरकार द्वारा योजना को कमजोर करने के बारे में समझाया। जन जागरण अभियान का जगह–जगह डीजे व फूलमाला से किया गया स्वागतङ– कांग्रेस का मनरेगा बचाने को लेकर अभियान का ग्रामीणों मे खासा उत्साह नजर आया। जगह–जगह पर डीजे व फुलों से स्वागत किया गया। मनरेगा श्रमिकों ने मारवाड़ी गीत गाकर स्वागत किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास चौधरी, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, ब्लॉक अध्यक्ष जीवन भाकर, एमडीएस यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष राकेश घोशल्या, एडवोकेट परमेश्वर बाना, ओमप्रकाश गरवा., मण्डलअध्यक्ष लालचंद बेड़ा, इकाई अध्यक्ष प्रेमचंद सांखला, लालचंद गैना,बाबू लालबोचल्या, शंकर जांगिड़,चतर्भुज माली, सतीश गहलोत, रामसुख कनोदिया, पूर्व सरपंच उगम राम बिजारणियां, दयालराम बिजारणियां, प्रेम राज बिजारणियां,देवी लालरैगर, रामनिवास रैगर,हरजी राम क्लवानिया, देवा राम कनोदिया, हरदिलकनोदिया, भवर बंजारा, सरपंच प्रतिनिधि रामदेव साहू,अरशद इंसाफ,चेतन कड़वा,रूपा राम लेगा,सुखदेव गिठाला,गोदुराम खदावा,भीवा राम कनोदिया,हनुमान क्लवानिया,हनुमान क्लवानिया,नाथु राम रैगर,अयूब खान,मनोहर ढोली,, कार्यकर्ताओं सहित जगह जगह बड़ी संख्या में नरेगा श्रमिक भी अपने तगारि,पांवड़े के साथ उपस्थित रहे।

# सुरीले स्मार्ट सिंगर का वार्षिक उत्सव 'गीत बसंत' सीजन–2 धूमधाम से सम्पन्न

**अजमेर, ( कासं )।** सूचना केन्द्र सभागार में सुरीले स्मार्ट सिंगर समूह का वार्षिक उत्सव 'गीत बसंत' का दूसरा सीजन भव्य एवं संगीतमय वातावरण में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रामस्वरूप ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ समूह प्रशासक एवं जिला आपूर्ति अधिकारी नीरज जैन द्वारा संस्था परिचय एवं स्वागत उद्बोधन से हुआ। कार्यक्रम में समूह के लगभग 35 गायकों ने एक से बढ़कर एक कुल52 एकल, युगलएवं समूह गीत प्रस्तुत कर सभागार को संगीतमय बना दिया।

कार्यक्रम में प्रीति जैन के नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया और जमकर तालियां बटोरीं। नवीनता के रूप में एलईडी वॉलपर समूह समन्वयक मनस्वी सक्सेना द्वारा तैयार संस्था की यात्रा पर आधारित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही दर्शकों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से बीच–



अजमेर में सुरीले स्मार्ट सिंगर समूह का वार्षिक उत्सव 'गीत बसंत' का दूसरा सीजन संगीतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

बीच में सामूहिक गीतों का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे सभागार ने एक स्वर में गायन कर उत्सव को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश सोनी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट वंदना खोरवाल, जिला परिवहन अधिकारी राजीव शर्मा, उप निदेशक अभियोजन राजीव काजोत, जिला रसद अधिकारी संजीव शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी ब्यावर अब्दुलसादिक, पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाड़िया सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सुरेन्द्र उदावत द्वारा प्रस्तुत सैक्सोफोन वादन भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम में नीरज जैन, मनस्वी सक्सेना, महेश लौंगानी, अरविंद शुक्ला, अर्चना शर्मा, राजेंद्र सोनी, पवन जैन, प्रीति जैन, प्रमोद सक्सेना, आनंद शर्मा, विनोद काला, अलका काला, श्वेता शर्मा, कोमलसोनी, नीरज मिश्रा, पवन वर्मा, सारिका शर्मा, मनोज शर्मा, विवेक घारू, संदीप एवं ऋचा माथुर, संदीप फौजदार, शशि सहाय, कुमुद शर्मा, दीपक भार्गव, प्रकाश पंवार, हरीश मसंद, डॉक्टर एन.के. माथुर, लायन नीता भटनागर, भारतेंदु शर्मा, शालू शर्मा, प्रमिला कुवेरा सहित अनेक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन वृत्तिका ने किया। सभागार में दर्शकों के लिए सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था की गई, जहाँ लोगों ने उत्साहपूर्वक छायाचित्र खिंचवाए। कार्यक्रम के दौरान चाय एवं अल्पाहार की नि:शुल्क व्यवस्था रही तथा दर्शकों की प्रवेश व्यवस्था पूर्णत: नि:शुल्क रखी गई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक गीत 'एहसान मेरे दिलपे तुम्हारा है दोस्तों' के साथ हुआ। अंत में प्रीति जैन ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भारतीय जैन मिलन आदिनाथ की मासिक सभा में समाज सेवा के बड़े निर्णय

**अजमेर,( निसं )।** भारतीय जैन मिलन आदिनाथ अजमेर की मासिक सभा समाज सेवा और राष्ट्र उत्थान के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के समग्र विकास, पिछड़े वर्गों के उत्थान

■ 11 कन्याओं के विवाह में सहयोग का संकल्प

एवं सेवा कार्यों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभा को संबोधित करते हुए संस्था के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि भारतीय जैन मिलन केंद्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ लागू कर समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाई जा रही है। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज एवं राष्ट्र के पिछड़े वर्गों के लिए लाभकारी और कल्याणकारी योजनाओं का निर्माण करना रहा।



अजमेर में भारतीय जैन मिलन आदिनाथ अजमेर की मासिक सभा संस्था के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन की मौजूदगी में हुई।

**11 जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग का निर्णय:** सभा में वीरांगना इकाई की ओर से एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अंतर्गत भारतीय जैन मिलन आदिनाथ की वीरांगनाओं ने 11 जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए वीरांगना शैली जैन ने एक जरूरतमंद कन्या के विवाह हेतु आर्थिक सहायता के साथ साड़ियां, सूट, शॉल, कंबल, बेडशीट, बर्तन, घड़ी, बैग सहित अन्य आवश्यक उपहार सामग्री प्रदान की।

**धार्मिक और स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम:** संस्था के मंत्री मनीष सेठी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह किसी एक सदस्य के आवास पर णमोकार मंत्र का सामूहिक जाप आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके साथ ही समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए आगामी समय में विभिन्न सेवा कार्यक्रमों एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा सभा में स्थानीय इकाई के अध्यक्ष प्रदीप पाटनी, कोषाध्यक्ष पारसमल, मनीष सेठी, राजेंद्र पघाटनी, एस. के. जैन, विजय पोखरण, सुनील गंगवाल, पी. सी. गंगवाल, दिलीप जैन, वीरेंद्र जैन सहित वीरांगना संतोष जैन, सोनी एवं वाणी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### आम सूचना

मेरे पिता रामचन्द्र पुत्र हीरा जाति बैरवा निवासी ग्राम सिरोंज की मृत्यु दिनांक 15.11.2015 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम सिरोंज में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिरोंज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिता रामचन्द्र बैरवा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्राथी-राजेन्द्र कुमार बैरवा पुत्र रामचन्द्र बैरवा जाति निवासी ग्राम सिरोंज तहसील अराई, अजमेर

### आम सूचना

मेरा भाई नोरता पुत्र गोदू जाति बैरवा निवासी ग्राम बालापुरा की मृत्यु 08.05.2000 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम बालापुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत ढसूक में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे भाई नोरता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्राथी- सुगना पुत्र गोदू बैरवा, निवासी ग्राम बालापुरा तहसील अराई, अजमेर

### आम सूचना

मेरी माता श्रीमती सोनी पत्नि नन्दा जाति भील निवासी ग्राम चौसला की मृत्यु दिनांक 12.07.2013 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम चौसला में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता श्रीमती सोनी भील का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्राथी- पूसा पुत्र नन्दा जाति भील निवासी ग्राम चौसला तहसील अराई, अजमेर

### आम सूचना

मेरा भाई हनुमान पुत्र नन्दा जाति भील निवासी ग्राम चौसला की मृत्यु दिनांक 07.03.2019 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम चौसला में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे भाई हनुमान भील का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्राथी- पूसा पुत्र नन्दा जाति भील निवासी ग्राम चौसला तहसील अराई, अजमेर

### आम सूचना

मेरी माता श्रीमति धापू देवी पत्नि गोदू जाति बैरवा निवासी ग्राम बालापुरा की मृत्यु दिनांक 15.12.1995 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम बालापुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत ढसूक में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता श्रीमती धापू देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्राथी- सुगना पुत्र गोदू बैरवा, निवासी ग्राम बालापुरा तहसील अराई, अजमेर

### आम सूचना

मैसर्स शक्ति ग्रेनाईट प्लॉट नं 2, 3,10 व 11 रहीमपुरा, मेगा हाईवे, राज गार्डन के पीछे, ग्रेनाईट जोन, मदनगंज-किशनगढ जिला अजमेर, राज. पंजीयन संख्या 17/01/187/2016 दिनांक 16 फरवरी 2016 शपथपूर्वक निम्न बयान करते है कि यह है कि पूर्व में इस फर्म मे हम 5 भागीदार थे (1) श्री अतुल डोडिया (2) श्रीमति संतोष मुन्दडा (3) श्रीमति किरण मालपानी (4) श्रीमति सुधा सोमानी (5) श्री घनश्याम टाक, दिनांक 5 जनवरी 2026 से (1) श्री अतुल डोडिया (2) श्रीमति संतोष मुन्दडा (3) श्री घनश्याम टाक स्वेच्छा से फर्म से रिटायर्ड हो रहे है और दिनांक 5 जनवरी 2026 से (1) श्री आलोक मालपानी (2) श्री मुकेश कुमार मालपानी स्वेच्छा से फर्म मे नये भागीदार के रूप मे सम्मलित हो रहे है। और दिनांक 5 जनवरी 2026 से फर्म का नाम शक्ति ग्रेनाईट से परिवर्तन करके नया नाम शक्ति वेन्चर्स किया जा रहा है और दिनांक 5 जनवरी 2026 से फर्म का पता दुकान नं. 4 माहेश्वरी स्कुल के सामने, अजमेर रोड, फरासिया, किशनगढ, जिला अजमेर राज, किया जा रहा है, जिसमे हम सभी भागीदारो की सहमति है। तथा वर्तमान मे इस भागीदारी फर्म मे हम निम्न भागीदार है (1) श्रीमति किरण मालपानी (2) श्रीमति सुधा सोमानी (3) श्री आलोक मालपानी (4) श्री मुकेश कुमार मालपानी। इस आम सुचना से अगर किसी को आपत्ति हो तो सुचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस मे रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र) अजमेर मे सुचित करे अन्यथा बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

-श्रीमति किरण मालपानी, शक्ति ग्रेनाईट

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन /25-26/618 — आपत्ति सुचना — दिनांक-12/01/2026

श्री राजेश कुमार तिवारी पुत्र श्री भंवरलाल तिवारी, श्रीमती संगीता तिवारी पत्नी श्री राजेश तिवारी, श्री नमन तिवारी पुत्र श्री राजेश कुमार तिवारी, प्रशस्ति तिवारी पुत्री श्री राजेश कुमार तिवारी निवासीगण गोधूली गली नं. 5 सुमन वाटिका समारोह स्थल न्यू गोविन्द नगर रामगंज अजमेर द्वारा भूखण्ड ए.एम.सी. नं. 19/1270 1928/52 न्यू कायस्थ कॉलोनी लोहागल रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 449.83 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व- वीना माथुर की सम्पत्ति का भाग — उत्तर - के.पी. माथुर की सम्पत्ति

पश्चिम - 20 फुट चौड़ी रोड — दक्षिण - मेतीलाल माथुर की सम्पत्ति

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक- न.पा.बि./निमार्ण स्वी./2025/5745 — आम सुचना — दिनांक:19-01-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 186 | पुखराज जैन पुत्र मोहम्मद जैन | कमलानगर बरल द्वितीय ख.सं. 985 भू.सं. 21 | 116.125 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

### कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक- न.पा.बि./निमार्ण स्वी./2025/5494 — आम सुचना — दिनांक:06-01-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 178 | सलीम मोहम्मद पुत्र गनी मोहम्मद | नई बस्ती राजनगर बिजयनगर ख.सं. 4020 भू.सं. 02 बी | 104.04 SQ.MTR | आवासीय |
| 179 | आशिया बानो पत्नि मोहम्मद असलम | नई बस्ती राजनगर बिजयनगर ख.सं. 4020 भू.सं. 16 | 142.83 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर


RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार

सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

अन्तिम 4 दिन शेष

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

65 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 313 कुल भूखण्ड | 304 औद्योगिक भूखण्ड | 09 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी अंतिम तिथि: 23 जनवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 27 जनवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | आबू रोड़ | 03 | चूरू | 33 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 38 | अजमेर | 08 | बीकानेर | 07 | पाली | 03 | जयपुर (दक्षिण) |
| 05 | अलवर | 14 | श्रीगंगानगर | 24 | झालावाड़ | 02 | जयपुर (उत्तर) |
| 08 | भिवाड़ी-I | 16 | किशनगढ़ | 01 | जालोर | 25 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 19 | भिवाड़ी-II | 13 | भीलवाड़ा | 13 | राजसमंद | 02 | जोधपुर |
| 07 | बोरानाडा | 01 | जयपुर (ग्रामीण) | 20 | कोटा | 03 | सवाईमाधोपुर |
| 05 | घिलोठ | 01 | सीकर | 03 | नीमराना | | |

राज.संवाद/सी/25/17913

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in